# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–22.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. 81 विधानसभा सीटों की कल होने वाली मतगणना की तैयारी पूरी, सभी 24 जिला मुख्यालयों में बनाए गए हैं मतगणना केंद्र, आज मतदान कर्मियों का होगा ड्राई रन, कल सवेरे 8 बजे से काउन्टिंग।
2. चुनाव आयोग के निर्देश के बाद जामताड़ा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी और मंत्री इरफान अंसारी के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज।
3. उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी से राज्यभर में बढ़ी ठंड, अगले 3 दिनों तक छाए रहेंगे हल्के बादल और धुंध, पांच डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ रांची का कांके रहा सबसे ठंडा इलाका ।
4. चेन्नई में आयोजित नेशनल ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण समेत सात पदक जीते।

*****************

81 विधानसभा सीटों की कल होने वाली मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इसके लिए राज्य के सभी 24 जिला मुख्यालयों में बनाये गए मतगणना केंद्र में सवेरे 8 बजे से वोटों की गिनती शुरू होगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि पहले पोस्टल बैलट और फिर ईवीएम के मतों की गिनती की जाएगी । सवेरे साढ़े नौ बजे से रुझान आने की संभावना है।

*****************

मतगणना को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सभी मतगणना केंद्रों के आसपास त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सभी तरह की गतिविधियों की निगरानी की जा रही है। वहीं, चुनाव आयोग के निर्देशों के तहत मतगणना केंद्र के अंदर किसी भी तरह का कम्युनिकेशन डिवाइस ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

*****************

इधर, रांची के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त वरुण रंजन ने पंडरा स्थित मतगणना स्थल का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि  मतगणना से एक दिन पहले मतगणना कर्मियों का ड्राई रन कराया जाएगा।

उधर, गिरिडीह, हजारीबाग, सरायकेला खरसावां और लोहरदगा समेत सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अपने अपने जिलों के मतगणना केंद्रों का निरीक्षण कर संबंधितअधिकारियों और कर्मचारियों को कई अहम निर्देश दिए।

*****************

लोहरदगा जिले में बनाए गए मतगणना केंद्र में मतगणना को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

*****************

विधानसभा की 81 सीटों के लिए दो चरणों में हुए चुनाव में  67 दशमलव सात प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि पोस्टल बैलेट की गिनती के बाद मतदान प्रतिशत और बढ़ेगा।

उन्होंने बताया कि शहरों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में ज्यादा मतदान हुआ। वहीं, दोनों ही चरणों में पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं की मतदान प्रक्रिया में ज्यादा भागीदारी रही।

*****************

जामताड़ा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी और मंत्री इरफान अंसारी के खिलाफ चुनाव आयोग के निर्देश पर आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज कर लिया गया है। जिले की एफएसटी टीम ने स्थानीय थाने में यह प्राथमिकी दर्ज कराई है। भारतीय जनता पार्टी ने इरफान अंसारी द्वारा महिला कार्यकर्ताओं पर अभद्र टिप्पणी किए जाने की शिकायत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में दर्ज कराई थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई।

*****************

एनडीए और इंडिया गठबंधन की ओर से चुनाव में अपनी–अपने जीत के दावे किए जा रहे हैं भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दावा किया कि राज्य में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी।

वहीं, लोक जनशक्ति पार्टी–आर. के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भी कहा है कि झारखंड में जनता ने परिवर्तन का जनादेश दिया है।

गढ़वा से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी और मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा है कि पूरे राज्य में महागठबंधन की स्थिति काफी मजबूत है और पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएंगे।

****************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पार्टी के प्रत्याशियों और वरिष्ठ नेताओं के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक की। उन्होंने मतगणना की तैयारियों को लेकर उनके साथ विचार–विमर्श कर कई निर्देश भी दिए।

****************

राजधानी रांची समेत राज्य के सभी हिस्सों में लगातार ठंड बढ़ रही है। उत्तर भारत में बर्फबारी और ठंडी हवा चलने से यहां के मौसम में यह बदलाव देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले सप्ताह से कड़ाके की ठंड पड़ सकती है। वहीं अगले तीन दिनों तक हल्के बादल छाए रहने तथा सुबह और शाम में धुंध का असर देखने को मिलेगा। वहीं, पांच डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ रांची का कांके सबसे ठंडा इलाका रहा।

****************

चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय सीनियर, जूनियर और सब जूनियर ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों ने सात पदक जीते। इसमें चार स्वर्ण और तीन कांस्य पदक शामिल है। सरिता कुमारी ने जूनियर वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किये, वहीं बालक वर्ग में विकास उरांव ने भी झारखंड को स्वर्ण पदक दिलाया।

****************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी अखबारों ने मतगणना की चल रही तैयारियों से जुड़ी खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया ळें

प्रभात खबर लिखता है– पंद्रह विधानसभा सीटें इंडिया और एनडीए गठबंधन के बीच फंसी, यही तय करेंगी झारखंड में सत्ता की राह।

हिंदुस्तान के शब्द हैं– दूसरे चरण की 38 सीटों में 31 पर वोटिंग में महिलाएं आगे।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– सबसे पहले तोरपा और आखिरी में चतरा का आएगा रिजल्ट।

दैनिक जागरण लिखता है– मध्यमवर्ग को बजट में राहत देकर साधने की तैयारी।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने अडाणी ग्रूप के खिलाफ अमेरिका में लगे आरोपों की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

*************